कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता
(शासकीय स्वशासी संस्था) महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, इन्दौर
कार्यालय दूरभाष नंबर :– 0731–2527383, 2527679
फैक्स नंबर :– 0731–2514628
ईमेल :– deanliabrary@gmail.com
वेबसाईट :– www.mgmmcindore.in

क्रमांक / /स्था/अवि/2021 दिनांक

प्रति,

चीफ आपरेटिंग आफीसर
एम पी ऑनलाईन
डी बी माल चौथी मंजिल
कारपोरेट ब्लाक, एम पी नगर
भोपाल

विषयः–सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल इन्दौर हेतु विज्ञापित स्टाफ नर्स (महिला) की नियुक्ति के संबंध में ।

संदर्भः– माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर में दायर रिट याचिका क्रमांक 13136/21 – गौरव श्रीवास्तव व अन्य 41 में पारित आदेश दिनांक 31.07.2021 ।

उपरोक्त विषय एवं संदर्भ में अवगत होवे कि इस कार्यालय द्वारा पूर्व में दिनांक 21.06.2021 को सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल के लिये महिला स्टाफ नर्स हेतु विज्ञापन जारी किया गया था, किन्तु पुरूष स्टाफ नर्स (मेल नर्स) द्वारा उपरोक्त संदर्भित याचिका माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर में दायर कर निवेदन किया गया है कि उक्त पद हेतु इन्हें भी आवेदन करने की अनुमति प्रदान की जावे। इसी **परिप्रेक्ष्य में माननीय उच्च न्यायालय खण्डपीठ द्वारा** याचिकाकर्ताओं **की याचिका में दिनांक 31.07.2021 को सुनवाई करते हुये इन्हें भी उक्त पद** (मेल नर्स)हेतु **आवेदन करने हेतु सशर्त अनुमति प्रदान की गई है ।**

आदेश की प्रति संलग्न कर अनुरोध है कि एम.पी.ऑनलाईन के माध्यम से संबंधित याचिकाकर्ताओं के भी आवेदन दिनांक 06.08.2021 तक स्वीकार किये जावे, साथ ही आदेश में उल्लेखित है कि मेल नर्स को मात्र केवल आवेदन करने की अनुमति दी गई है, नियुक्ति के अधिकार नही दिये गये हैं। कृपया आदेश का पालन किया जाना सुनिश्चित कर अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नः –उपरोक्तानुसार

(डॉ. संजय दीक्षित)
अधिष्ठाता
म.गा.स्मृति शासकीय स्वशासी चिकित्सा
महाविद्यालय इन्दौर(म.प्र.)

क्रमांक /11401-04/कार्य आदेश/स्था/अवि/2021 दिनांक 02/08/2021
प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. आयुक्त चिकित्सा शिक्षा म.प्र. भोपाल।
2. संभागायुक्त इन्दौर संभाग इन्दौर।
3. श्री संजय शुक्ला, सहायक प्रबंधक, एम पी आन लाईन लिमिटेड भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
4. प्रभारी अधिकारी, लीगल शाखा स्थानीय कार्यालय।

(डॉ. संजय दीक्षित)
अधिष्ठाता
म.गा.स्मृति शासकीय स्वशासी चिकित्सा
महाविद्यालय इन्दौर(म.प्र.)